APRIL 24

रांची, बुधवार

मूल्य : ₹ 3

रजिस्ट्रेशन : जे एच 11-0013425

dailykhabar99.com

# डेली खबर 99

सच्चाई का उजागर

रांची | हजारीबाग | कोडरमा | चतरा| धनबाद | पटना | नई दिल्ली | पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

@Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99 @Daily.Khabar99



## 'कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी'




**डेली खबर 99- सवांददाता, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ के सरगुजा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि वो Inheritance Tax लगाएगी, माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। पीएम मोदी ने कहा-'कांग्रेस का मंत्र है-कांग्रेस की लूटजिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी।

### विरासत पर भी टैक्स लगाएगी कांग्रेस

पीएम मोदी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा-'शाही परिवार के शहजादे के सलाहकार ने कुछ समय पहले कहा था कि मिडिल क्लास पर और ज्यादा टैक्स लगाना चाहिए। अब ये लोग इससे भी एक कदम और आगे बढ़ गए हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि वो Inheritance Tax (विरासत टैक्स) लगाएगी, माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। जब तक आप जीवित रहेंगे, तब तक कांग्रेस आपको ज्यादा टैक्स से मारेगी और जब जीवित नहीं रहेंगे, तब आप पर Inheritance Tax का बोझ लाद देगी। पूरी कांग्रेस पार्टी को अपनी पैतृक संपत्ति मानकर जिन लोगों ने अपने बच्चों को दे दी, अब वो नहीं चाहते कि भारतीय अपनी संपत्ति अपने बच्चों को दें।

### हिंसा फैलानेवालों का समर्थन कर रही है कांग्रेस

उन्होंने कहा-जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब अंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। लेकिन वोटबैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों की बातों की परवाह नहीं की, संविधान की पवित्रता की परवाह नहीं की और न ही बाबा साहेब अंबेडकर के शब्दों की परवाह की। पीएम मोदी ने कहा- आज भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कर रही है। लेकिन कांग्रेस, हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है, उन्हें शहीद बता रही है। इसी कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता, आतंकवादियों के मारे जाने पर आंसू बहाती हैं। ऐसी ही करतूतों के कारण कांग्रेस देश का भरोसा खो रही है।

### सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स की वकालत की थी

दरअसल, पीएम मोदी ने कांग्रेस के रणनीतिकार और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर पलटवार करते हुए यह बात कही। सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स का जिक्र करते हुए कहा था कि अमेरिका में 55 फीसदी विरासत टैक्स लगाता है। सरकार 55 फीसदी हिस्सा ले लेती है।

## पित्रोदा के 'विरासत टैक्स' वाले बयान से कांग्रेस ने पल्ला झाड़ा, जयराम बोले- यह पार्टी का विचार नहीं



**डेली खबर 99- स्पेशल डेस्क**

इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने पीएम मोदी के संपत्ति के बंटवारे वाले बयान के बाद विरासत टैक्स को लेकर टिप्पणी से भारत की राजनीति में हलचल मचा दी है। सैम पित्रोदा ने कहा, 'अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। मुझे यह नियम अच्छा लगता है।'कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की तरफ से भारत में 'विरासत टैक्स' लगाए जाने की मांग वाले बयान से पार्टी ने ही पल्ला झाड़ लिया है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि सैम पित्रोदा को खुलकर और आजादी से अपने विचार रखने का अधिकार है। लेकिन यह जरूरी नहीं कि पित्रोदा के विचार किसी मुद्दे पर कांग्रेस का पक्ष हों। कई बार वे नहीं होते।गौरतलब है कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने पीएम मोदी के संपत्ति के बंटवारे वाले बयान के बाद विरासत टैक्स को लेकर टिप्पणी से भारत की राजनीति में हलचल मचा दी है। सैम पित्रोदा ने कहा, 'अमेरिका में विरासत कर (टैक्स) लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 फीसदी अपने बच्चों को दे सकता है। 55 फीसदी सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। यह एक दिलचस्प नियम है। यह कहता है कि आपने अपनी पीढ़ी में संपत्ति बनाई और अब आप जा रहे हैं, आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए। हालांकि पूरी नहीं, आधी ही। ये जो निष्पक्ष कानून है मुझे अच्छा लगता है।'

## राहुल के संसदीय क्षेत्र में प्रचार करने पहुंची प्रियंका, बोली- BJP जनता की समस्याओं पर बात नहीं करती



प्रियंका गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हर दिन भाजपा एक नया मुद्दा लेकर आती है, जिसका न तो आपके जीवन से और न ही आपके विकास से कोई संबंध है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से भी इन मुद्दों का कोई संबंध नहीं होता है।लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद 26 अप्रैल को दूसरे चरण पर मतदान होने वाला है। इस बीच कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी आज केरल के वायनाड में एक रैली को संबोधित की। बता दें कि वायनाड राहुल गांधी का संसदीय क्षेत्र है। अपनी रैली में प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि पीएम मोदी और अन्य भाजपा नेताओं के बयान से यह स्पष्ट है वह जनता की समस्याओं के बारे में बात नहीं करते हैं।रैली को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी और भाजपा पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा, "अगर आप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य भाजपा नेताओं के बयानों पर नजर डालेंगे तो आपको मालूम चलेगा कि उन्होंने आपकी समस्याओं पर कोई बात नहीं की। उन्होंने विकास पर कोई बात नहीं की। वे वास्तविक मुद्दों पर कभी बात नहीं करते।"कांग्रेस नेता ने कहा कि हर दिन वे एक नया मुद्दा लेकर आते हैं, जिसका आपके जीवन से कोई संबंध नहीं है। इन मुद्दों का आपके विकास से भी कोई संबंध नहीं है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से भी इन मुद्दों का कोई संबंध नहीं होता है। वे मीडिया को भी उन मुद्दों पर बात करने के लिए मजबूर कर देते हैं।

## कांग्रेस सांसद Rahul Gandhi का PM Modi पर बड़ा हमला



लोकसभा चुनाव के बीच आज दिल्ली में कांग्रेस ने सामाजिक न्याय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी पर हमला बोलते हुए राहुल ने कहा कि .'हम देश का X-Ray चाहते हैं'.....

## विरासत टैक्स पर बवाल, कांग्रेस ने झाड़ा पल्ला, सुप्रिया श्रीनेत बोलीं- वो निहायत अच्छे इंसान



कांग्रेस ने सैम पित्रोदा के विरासत टैक्स वाले बयान से खुद को अलग कर लिया है. पार्टी की नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि ये कांग्रेस की विचारधारा नहीं है. इससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है. सुप्रिया श्रीनेत ने कांग्रेस की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा, "मैंने आपसे एक फैक्ट कहा कि सैम पित्रोदा निहायत अच्छे इंसान हैं. टेलिकॉम और आईटी में उनका योगदान रहा है. ये बात जो उन्होंने कही ये कांग्रेस की विचारधारा नहीं है. ये उनकी विचारधारा है. वे जहां रहते हैं, वहां की बात की है."इससे पहले कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने भी कहा कि सैम पित्रोदा के बयान पार्टी का बयान नहीं है.

## कांग्रेस ने क्या कहा?

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि सैम पित्रोदा मेरे सहित दुनिया भर में कई लोगों के लिए गुरु, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक के समान रहे हैं. उन्होंने भारत के विकास में कई महत्वपूर्ण योगदान दिया है. वह इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष हैं. उन्होंने आगे कहा कि पित्रोदा उन मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखते हैं जिनके बारे में वह बोलना ज़रूरी समझते हैं. लोकतंत्र में एक व्यक्ति अपनी बात रखने, चर्चा करने और व्यक्तिगत विचारों को लेकर बहस करने के लिए निश्चित रूप से स्वतंत्र भी होता है. जयराम रमेश ने कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि पित्रोदा के विचार हमेशा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पोजीशन को दर्शाते हैं. कई बार उनके विचार अलग होते हैं. अब उनकी टिप्पणियों को सनसनीखेज बनाकर दूसरे संदर्भ में पेश किया जा रहा है. ऐसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दुर्भावना और नफरत से भरे चुनाव अभियान से ध्यान भटकाने के लिए जानबूझकर किया जा रहा है.

## सैम पित्रोदा ने क्या कहा है?

सैम पित्रोदा ने कहा है किअमेरिका में 55 फीसदी विरासत टैक्स लगता है. उन्होंने कहा कि भारत में ऐसा कानून नहीं है. ऐसे मुद्दों पर चर्चा करनी चाहिए और वे ऐसी नीतियों की बात कर रहे हैं.

# धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुलु महतो के खिलाफ FIR, आचार संहिता का उल्लंघन का आरोप



**सवांददाता, रांची**

अंचलाधिकारी सिंकर ने बताया कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी ढुलु महतो के अलावा चुनावी रैली के आयोजक सोना रजक, मनोज चौहान, बिनोद चौहान, संजय चौहान और बंटी सिंह का नाम भी एफआईआर में शामिल किया गया है।लोकसभा चुनाव के प्रचार के बीच झारखंड के धनबाद लोकसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार ढुलु महतो के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि उनपर आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाया गया है। दरअसल, बाघमारा विधायक ने धनसर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत पड़ने वाली पथराकुली फुटबॉल ग्राउंड में एक चुनाव रैली का आयोजन किया था। इस रैली के लिए उन्होंने संबंधित प्राधिकारियों से अनुमति नहीं ली थी। सोशल मीडिया पर भाजपा प्रत्याशी के इस रैली का वीडियो वायरल होने के बाद धनबाद सदर अंचलाधिकारी शशिकांत सिंकर ने 16 अप्रैल को धनबाद राजस्व डिप्टी इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार को मामले की जांच के आदेश दिए। देवेंद्र कुमार ने अंचलाधिकारी को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। अंचलाधिकारी सिंकर ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर धनसर पुलिस स्टेशन ने भाजपा प्रत्यासी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया। ढुलु महतो के अलावा चुनावी रैली के आयोजक सोना रजक, मनोज चौहान, बिनोद चौहान, संजय चौहान और बंटी सिंह का नाम भी एफआईआर में शामिल किया गया है। बता दें कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान होने वाला है।

# शादी के दिन दुल्हन की कार ऐक्सीडेंट से मौत



शादी के दिन ही दुल्हन की भीषण सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। घटना फरीदबाद के विजय नगर इलाके की है। आज के ही दिन दुल्हन की शादी थी, लेकिन एक सड़क हादसे में दुल्हन की मौत हो गई। इस हादसे में मृतका दुल्हन के दो भाइयों सहित एक सहेली को काफी गंभीर चोटे आईं हैं जिन्हें दिल्ली के ट्रामा सेंटर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। दुल्हन का नाम अंकिता बताया जा रहा है, जिसकी आज शादी थी।दिल दहला देने वाली घटना में झटके में दो परिवारों की खुशियां मातम में तब्दील हो गईं। घटना फरीदाबाद के विनय नगर इलाके की है, जहां आज एक दुल्हन की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बता दें कि दुल्हन का भाई सुमंकित, उसका चचेरा भाई निशांत कुमार और उसकी सहेली अंकिता की चाची घर से विनय नगर से शादी से पहले शादी के रस्म की पूजा पाठ करने के लिए जा रहे थे।

# जल्द ही जारी होंगे 12वीं के नतीजे, पिछले सालों में किन तारीखों पर हुए रिलीज?




झारंखड बोर्ड के 12वीं के छात्रों का इंतजार जल्द ही खत्म होने वाला है. कुछ ही दिनों में जेएससी 12वीं के नतीजे जारी होंगे. दसवीं का परिणाम पहले ही घोषित हो चुका है. वे कैंडिडेट्स जिन्होंने इस साल के जेएसी बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा दी हो, वे रिजल्ट रिलीज होने के बाद इस वेबसाइट से चेक कर सकते हैं. ऐसा करने के लिए झारखंड एकेडमिक काउंसिल की आधिकारिक वेबसाइट का पता ये है– jacresults.com.

## इन वेबसाइट्स पर देख सकते हैं परिणाम

जेएसी बोर्ड के नतीजे ऊपर दी गई वेबसाइट के अलावा भी कई वेबसाइट्स पर देखे जा सकते हैं, जिनका विवरण हम यहां साझा कर रहे हैं. नोट कर लीजिए ये लिस्ट.

jac.jharkhand.gov.in
jac.nic.in
jacresults.com
jharresults.nic.in.

## कब तक आएगा परिणाम

इस बारे में काउंसिल ने कोई आधिकारिक सूचना नहीं दी है पर मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रिजल्ट 30 अप्रैल 2024 तक जारी हो जाना चाहिए. तीनों स्ट्रीम यानी साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स के नतीजे एक साथ जारी किए जा सकते हैं और अलग-अलग भी. रिजल्ट देखने के लिए कैंडिडेट्स को अपने लॉगिन डिटेल जैसे रोल नंबर और रोल कोड वगैरह डालना होगा.

# बायोम इंस्टीट्यूट रांची में 13 मई से शुरू होगी नयी बैच



**सवांददाता, रांची**

बायोम इंस्टीट्यूट के न्यू नगड़ा टोली और हिनू स्थित सेंटर पर फेज-1 के विभिन्न बैच की शुरुआत हुई। फेज-1 के तहत फाउंडेशन, फ्रेशर एंड टारगेट बैच 18 अप्रैल से शुरू कर दिया गया है। संस्था की ओर से कुल 23 बैच शुरू किए गए हैं, जो विद्यार्थियों को मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी की तैयारी कराएगी। बायोम इंस्टीट्यूट झारखंड में एक मात्र संस्था है, जो बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल के साथ सिर्फ मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी की तैयारी कराती है। फेज-2 बैच में नामांकन का मौका संस्था की ओर से 13 मई से विभिन्न फाउंडेशन, फ्रेशर एंड टारगेट बैच की नई कक्षाएं शुरू होगी। इसमें विद्यार्थी बायोम स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट के जरिए नामांकन ले सकेंगे।

## रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया

स्कॉलरशिप टेस्ट में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी संस्था के वेबसाइट व न्यू नगड़ा टोली और हिनू स्थित सेंटर से रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूरी कर सकेंगे। इसके लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 200 रुपए चुकाना होगा। स्कॉलरशिप टेस्ट आगामी रविवार - 28 अप्रैल और 12 मई को आयोजित किया जाएगा। टेस्ट में सफल होने वाले और बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को 100 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप दी जाएगी।बायोम इंस्टीट्यूट के एमडी पंकज सिंह ने कहा कि संस्था विद्यार्थियों को प्रशिक्षित शिक्षक के साथ बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध करा रही है। इस सत्र से 11वीं में प्रवेश कर रहे विद्यार्थी दो वर्षीय फाउंडेशन बैच से जुड़ सकते है। इन्हें नीट यूजी-2026 के लिए तैयार किया जाएगा। इसके अलावा 12वीं पासआउट विद्यार्थियों के लिए टार्गेट बैच शुरू किया गया है, बैच में शामिल विद्यार्थियों को नीट यूजी 2025 की तैयारी कराई जाएगी।

# रांची की सड़कों पर जाम की स्थिति से झारखंड हाई कोर्ट नाराज, नगर निगम को अतिक्रमण हटाने का आदेश




रांची: झारखंड उच्च न्यायालय ने सोमवार को रांची नगर निगम से कहा कि शहर के मुख्य मार्गों को अतिक्रमणों से मुक्त कराया जाना चाहिए ताकि यातायात का सुगम परिचालन हो। न्यायमूर्ति आर मुखोपाध्याय और न्यायमूर्ति दीपक रोशन की पीठ ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि नगर निगम को एक महीने तक अतिक्रमण रोधी अभियान चलाकर शहर की सड़कों पर सुगम यातायात सुनिश्चित करना चाहिए।

## यातायात का दबाव करने के लिए ठोस कदम उठाए

पीठ राष्ट्रीय पथविक्रेता संघ ने कहा कि मेन रोड, लालपुर चौक, कचहरी चौक और अन्य व्यस्त चौराहों पर यह अभियान चलाया जाए और यातायात का दबाव कम किया जाए। पीठ राष्ट्रीय पथविक्रेता संघ की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें फेरी वालों और रेहड़ी-पटरी वालों के पुनर्वास का अनुरोध किया गया था।

## सब्जी विक्रेताओं के कारण यातायात बाधित

सुनवाई के दौरान अदालत को सूचित किया गया कि लालपुर में मांस और मछली विक्रेताओं को एक बाजार में स्थानांतरित कर दिया गया है। अदालत को यह भी बताया गया कि सब्जी विक्रेता अब भी सड़क के किनारे बैठते हैं, जिससे यातायात बाधित होता है। निगम के वकील एलसीएन शाहदेव ने कहा कि लालपुर चौक से सब्जी विक्रेताओं को नयी जगह स्थानांतरित करने का कार्य दो महीने में पूरा कर लिया जाएगा और इससे सड़क साफ होगी।

# रांची एयरपोर्ट में अब 08 की जगह 10 मिनट होगी नि:शुल्क पार्किंग



**सवांददाता, रांची**

रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा के वाहन पार्किंग एवं आवागमन में बढ़ती परेशानियों को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने एक मई से वाहन आवागमन एवं पार्किंग की व्यवस्था में बदलाव किया है. एयरपोर्ट प्रबंधन ने यात्री टर्मिनल भवन के पास जाम को कम करने के लिए पुराने टर्मिनल बिल्डिंग के सामने 350 वाहनों के लिए अतिरिक्त पार्किंग स्थान आवंटित किया है. एयरपोर्ट प्रबंधन का कहना है कि आने वाले समय में एयरपोर्ट पार्किंग शुल्क के लिए एक निर्धारित स्वचालित व्यवस्था लागू होगी. वहीं अनधिकृत वाहन पार्किंग को रोकने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित उपाय किया जायेगा. एक मई से प्रभावी होने वाले आवागमन एवं पार्किंग व्यवस्था में संशोधन किया गया है. एयरपोर्ट के अंदर जिस रास्ते से एंट्री होती है, उसका इस्तेमाल अब बाहर जाने के लिए होगा. वहीं जिस रास्ते से विमान यात्रियों के वाहन निकलते हैं, उससे अब विमान यात्रियों के वाहन प्रवेश करेंगे. एयरपोर्ट में प्रवेश से निकासी तक निजी वाहनों के लिए कुल नि:शुल्क समय 10 मिनट होगा, जो पहले 8 मिनट निर्धारित था. टर्मिनल भवन के सामने पिकअप और ड्रॉप के लिए अधिकतम 5 मिनट का समय निर्धारित किया गया है तथा यह 5 मिनट भी नि:शुल्क 10 मिनट का ही भाग होगा.

## पार्किंग शुल्क 10 से 30 मिनट के लिए :

कोच/बस/ ट्रक (पिकअप और ड्रॉप के लिए) : 170 रुपये.
ऑटो/ एसयूबी/ मिनी बस : 60 रुपये
कॉर्मिशयल कार (जो एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा अधिकृत है) : 20 रुपये
कॉर्मिशयल कार (जो एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा अधिकृत नहीं है) : 92 रुपये
प्रीमियम कार पार्किंग : 75 रुपये
निजी कार/एसयूबी : 30 रुपये
टू व्हीलर : 10 रुपये

## निर्वाचक पदाधिकारी, सह अनुमण्डल पदाधिकारी बरही एवं अंचल अधिकारीसह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा मत दान केंद्रों का किया निरीक्षण



**सवांददाता, हजारीबाग**

चौपारण प्रखण्ड के विविन्न मतदान केंद्रों का मंगलवार को निर्वाचक पदाधिकारी, सह अनुमण्डल पदाधिकारी बरही एवं अंचल अधिकारीसह प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा चौपारण प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया गया, एवं मतदाताओ के बीच अधिक संख्या मतदान करने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया, मतदान केन्द्रों में AMF की गहनता से जाँच की गई जिसमें सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध पायी गई। सभी मतदान केन्द्रों के BLO एवं BLO पर्यवेक्षक भी उपस्थित पाये गये। साथ ही प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में सभी बी०एल०ओ० एवं सभी बी०एल०ओ० पर्यवेक्षको के साथ बैठक कर लोक सभा निर्वाचन 2024 से संबंधित राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रो में वोटिंग प्रतिशत बढाने हेतु गहन समीक्षा की गई एवं स्वीप गतिविधि करते हुए एवं BAG के सदस्यो का सहयोग लेते हुए अधिक से अधिक मतदान करने हेतु जागरूकता करने का निर्देश दिया गया साथ ही सभी बी०एल०ओ० को घर घर जाकर सर्वे करते हुए जो मतदाता बाहर एवं अन्य जिला में कार्य कर रहे मतदाताओं का सूची बनाने ओर उन मतदाताओ के फोन पर बात कर 20 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन में मतदान करने हेतु जानकारी देने का निर्देश दिया गया। सभी बी०एल०ओ० को मतदाता पर्ची बांटते समय ASD सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया सभी उपस्थित बी०एलओ० को मतदाता मार्गदर्शिका उपलब्ध कराया गया है, जैसे सभी मतदाताओं के बीच वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## रसोइया धमना में लोगों के बीच कांग्रेस गारंटी कार्ड को लेकर पहुंचे प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी



कांग्रेस पार्टी के गारंटी कार्ड को जनजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी मंगलवार को रसोइया धमना के विभिन्न गांवों में जाकर लोगों से मिले और उन्हें पार्टी का गारंटी कार्ड भरकर सौंपा। इस दौरान प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस के पांच न्याय 25 गारंटी कार्ड में युवा, न्याय, नारी न्याय, किसान न्याय, श्रमिक न्याय और हिस्सेदारी न्याय के तहत 25 गारंटी दी गई है। पार्टी के निर्देश पर प्रखण्ड के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचकर इसे पहुंचाने का प्रयास करूंगा। मौके पर कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी के साथ पंसस मो तैयब भी मौजूद रहे।



## तस्करों का लगातार लगाम लगा रही है चौपारण थाना प्रभारी दीपक सिंह,घर मे रखा गांजा बरामद



**सवांददाता, चौपारण**

चौपारण : चौपारण थाना के थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह मादक पदार्थ के तस्करी में संलिप्त तस्करों का लगातार पोल खोल रहे हैं। अफीम तस्कर हो या फिर शराब, डोडा या फिर गांजा का तस्कर सभी पर नकेल कस रहे हैं। मंगलवार को भी इनके द्वारा बड़ी कारवाई की गई।इस सम्बंध में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने कहा कि प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि रात्रि में गुप्त सूचना मिली कि ग्राम अहरी निवासी लक्ष्मण सिंह पिता-महावीर सिंह के द्वारा अपने घर में भारी मात्रा में गांजा तस्करी करने हेतु रखा है।इस सूचना से वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराने के उपरांत आदेशानुसार एक छापामारी दल कर गठन कर दिनांक-23.04.2024 को सुबह के समय लक्ष्मण सिंह के घर में छापामारी किया गया। छापामारी के क्रम में लक्ष्मण सिंह जंगल एवं अंधेरा का लाभ उठाकर अपने घर से भागने में सफल हो गया, तदोपरांत छापामारी दल के द्वारा लक्ष्मण सिंह के घर का विधिवत् रूप से तलाशी लिया गया।घर की तलाशी के क्रम में लक्ष्मण सिंह के घर का कमरा में लगा चौकी के नीचे छीपाकर रखा 03 प्लास्टिक का बोरा बरामद हुआ, जिसे खोलकर देखने पर 09 किलो 400 ग्राम उसमें गांजा भरा हुआ बरामद हुआ, जिसे विधिवत् रूप जप्त किया गया है।छापामारी के दरम्यान पता चला कि लक्ष्मण सिंह पिता महावीर सिंह आस-पास के क्षेत्रों से गांजा खरीदकर अपने घर में लाकर जमा करता है और बाद में उसे बाहर ले जाकर बिकी करता है। बरामदगी के संदर्भ में मामला दर्ज कर अनुसंधानभार पु०अ०नि० विन्देश्वर महतो को सौंपा गया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह, पुअनि बिन्देश्वर महतो, चौपारण थाना,पुअनि दिव्य प्रकाश और चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## राजा मेदनीराय राय की 391 वां जयंती समारोह धुम धाम व हर्षोल्लास के साथ मनाईं गई



**सवांदाता, लातेहार**

**बरवाडीह।** महाराजा मेदनी राय के 391 वां जयंती के शुभ अवसर पर कुटमू मोड़ स्थित पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत् जयंती समारोह कार्यक्रम के अवसर पर कुटमू मोड़ स्थित राजा मेदनीराय राय की प्रतिमा स्थल पर रविवार को आयोजन समिति के जुड़े लोगों ने भाग लिया जहां राष्ट्रीय अखिल भारतीय आदिवासी गण परिषद द्वारा महाराजा मेदनी राय जी के जयंती पुरे धुम धाम व हर्षोल्लास के साथ आदिवासी नृत्य संगीत कला प्रस्तुत कर मनाया गया। जहां सभी आदिवासी महिलाएं-,पुरूष आदिवासी भेष भुषा में पहुंचे जिसमें झारखंड के अलावा छत्तिसगढ़ बिहार, उड़िसा समेत कई अन्य राज्यों के आदिवासी अगुवा गण शामिल हुए।पलामू किला संरक्षण सह बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष आशुतोष सिंह चेरो के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां मंच संचालन विनोद यादव ने किया। वही आयोजन समिति के पूर्व अंचलाधिकारी युगेश्वर सिंह,विनोद सिंह, रूपाली सिंह समेत कई अन्य गणमान्य लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। वही कार्यक्रम में चतरा संसदीय क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी डाक्टर अभिषेक कुमार,जीप सदस्य मनिका बलवंत सिंह, मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह समेत कई अन्य गणमान्य लोग शिरकत कर कार्यक्रम को सफल बनाएं। यहां आदिवासी नृत्य संगीत कला प्रस्तुत को देखने के लिए आस पास काफी संख्या में भीड़ देखी गईं।

## हज़रत हाशिम शाह दाता रहमतुल्लाह अलेहे का सालाना उर्स का आयोजन



**सवांदाता, लातेहार**

**बरवाडीह** : पलामू के चैनपुर थाना क्षेत्र में शाहपुर में हाशिम शाह दाता का सालाना उर्स का शुभारंभ हो गया। वही मजार कमेटी के सदर जनाब इफ्तेखार अंसारी की उपस्थिति में चादर पेशी की गई। उन्होंने कहां की हाशिम शाह दाता रहमतुल्लाह अलेहे के दरबार में आने के बाद कोइ खाली हाथ नही जाता उनकी हर मुरादें पुरी होती है। यहां दो दिन के उर्स में पलामू समेत कई राज्य लोग बाबा के दरबार में अपने फ़रियाद लेकर आते है।हाजरी लगातें है। और मन्नत मांगते है। मौके पर दो दिनों तक क्वाली का आयोजन किया गया है। जो कर्नाटक के मशहूर क्वाल आशिक मुराद राजा और मुंबई के मशहूर क्व्वाल सलिम रज़ा तशरीफ़ के द्वारा की जाएगी।

### मजार पर उमड़ रही अकिदत मदों की भीड़, जमकर हों रही खरीदारी

मजार शरीफ परिसर में कई अलग-अलग तरह की दुकानें सजाई गई। जहां सभी पहुंचे हुए लोगों ने जम कर खरीदारी की गई। मजार शरीफ परिसर में भीड़ काफी देखी गई। जहां महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।




## चतरा लोस क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी का केचकी में दौरा



**सवांदाता, लातेहार**

**बरवाडीह (लातेहार)** : मंगलवार को चतरा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी सह पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी का संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन उम्मीदवार के रूप में औपचारिक घोषणा होने के बाद मंगलवार को बरवाडीह प्रखंड क्षेत्र के केचकी में आगमन हुआ। जहां इस दौरान दर्जनों कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर श्री त्रिपाठी ने कहां कि चतरा संसदीय क्षेत्र की सम्मानित जनता हमें चुनती है तो हम उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि क्षेत्र में विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी।उन्होंने कहां कि क्षेत्र का विकास ही चुनावी मैदान का बड़ा मुद्दा रहेगा। उन्होंने कहां कि चतरा संसदीय क्षेत्र के पांचों विधानसभा क्षेत्र में सत्ता में आने के बाद पढ़ लिख कर बैठे बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार से जोड़ना तथा पुरे संसदीय क्षेत्र को विकास की पटल पर रखने की बात कही।क्षेत्र में 25 हजार युवक व युवतियों की नौकरी की गारंटी । मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और महागठबंधन कार्यकर्ता नेता और पदाधिकारी के साथ-साथ कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रंजीत कुमार राजू,असलम अंसारी, पंकज गुप्ता, सुनील चंद्रवंशी,रिकी गुप्ता, राहुल गुप्ता, राजीव कुमार, नाजमी अनवर,शेख फिरोज, नागेन्द्र सिंह,संतोष प्रसाद, सुप्रियो मिंज काजमी अनवर, मोहिबुल रहमान उर्फ मुन्ना,केचकी पंचायत के मुखिया बुद्धेश्वर सिंह, पोखरी कलां के उप मुखिया सुल्तान अहमद ,एनुल होदा,शोएब अख्तर,मनोज मांझी, आफताब आलम,राघव शरण सिंह, बसंत सिंह,पुनम देवी पूर्व पंसस मंसूर आलम समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## शादी, अफेयर और सुसाइड... 4 बच्चों के पिता ने एक बच्ची की मां संग होटल में लगाई फांसी




होटल के कमरे के अंदर से बच्ची के रोने की आवाज आ रही थी. काफी देर के बाद तक भी बच्ची चुप नहीं हो रही थी. तब होटल के कर्मचारियों ने कमरा खुलवाने की कोशिश की. बच्ची के रोने के अलावा अंदर से कोई आवाज न आने पर होटल के कर्मचारियों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी.बिहार के मोतिहारी जिले के शादीशुदा प्रेमी जोड़े का शव नेपाल के एक होटल में मिला है. दोनों का शादी के बाद एक्सट्रा लव अफेयर चल रहा था. मृतक महिला की उम्र 25 साल है. उसके एक डेढ़ साल की बच्ची है. मृतक युवक की उम्र 31 साल है. वह 4 बच्चों का पिता था. दोनों ही मृतक जोड़े मोतिहारी जिले के रहने वाले थे. दोनों का शव नेपाल के जनकपुरधाम के एक होटल में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला. दोनों के फांसी के फंदे में झूलने का पता तब चला, जब अंदर डेढ़ साल की बच्चे के रोने की आवाज आई. तब जाकर होटल के कर्मचारियों ने कमरे का दरवाजे खुलवाने की कोशिश की. बच्ची के रोने के अलावा अंदर से कोई आवाज नहीं आई तो होटल के कर्मचारियों ने तुरंत ही इस मामले की जानकारी पुलिस को दी. होटल के लोगों ने बताया कि दोनों जोड़े चार दिन से होटल के कमरे में ठहरे हुए थे.

### कमरे के अंदर रो रही थी बच्ची

पुलिस की जांच में पता चला कि मृतक युवक का नाम हितेंद्र पासवान है. वह मोतिहारी के लोहारपट्टी नगरपालिका वार्ड के खट्टा गांव का रहने वाला था. मृतका का नाम प्रियंका कापर है. वह मोतिहारी की पिपरा गांव की रहने वाली थी. होटल के कर्मचारियों ने बताया कि कमरे के अंदर से डेढ़ साल के बच्ची की रोने की आवाज आ रही थी. वह जोर-जोर से रोए जा रही थी. चुप नहीं हो रही थी.

## प्रशांत किशोर की स्ट्रेटजी से कांग्रेस का बढ़ेगा जनाधार? चुनावी रणनीतिकार ने राहुल गांधी को दी सलाह



सवांददाता, पटना

जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बुधवार को राहुल गांधी को सलाह देते हुए कहा कि 2019 में जब राहुल गांधी ने इस्तीफा दिया था तब कि चिट्ठी उठा कर पढ़ लें उन्होंने लिखा था कि मैं किसी को आगे बढ़ा कर एक नया मौका देना चाहता हूं. आज कांग्रेस तो राहुल गांधी ही चला रहे हैं. कांग्रेस जो संस्था है या उसके चाहने वाले हैं वो किसी एक आदमी से बड़ा है. मैं राहुल गांधी से यही कहना चाहूंगा कि अगर 2024 के चुनाव में कांग्रेस बेहतर नहीं कर सकी तो आप किसी दूसरे को मौका दें जैसे आपकी मां सोनिया गांधी ने पीवी नरसिम्हा राव को दिया था.

### 'किसी और के हाथ में दे दी जाए'

प्रशांत किशोर ने कहा कि राहुल गांधी ने 10 साल में प्रयास किए. तीन चुनाव लड़े लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली. राहुल गांधी को इसमें कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए यह सोचने समझने में कि अगर कांग्रेस मुझसे नहीं चल पा रही है तो किसी और के हाथ में दे दी जाए ताकि वो एक नए प्रयास कर कांग्रेस को चला सके. राहुल गांधी के साथ दिक्कत ये है कि वो कर भी नहीं पा रहे हैं न ही किसी के लिए छोड़ना चाह रहे हैं.

### राहुल गांधी को लेकर बोले प्रशांत किशोर

चुनावी रणनीतिकार ने कहा कि राहुल गांधी को सबकुछ पता है, उन्हें ऐसा लगता है. राहुल गांधी को किसी की सलाह की मदद की जरूरत नहीं है. राहुल गांधी ने कभी जाहिर ही नहीं किया है कि उन्हें मदद की जरूरत है तब तक उन्हें कोई मदद तो कर नहीं सकता.

## 4 की मौत-34 घायल... रात 1 बजे भी डगमगाई थी बस; कन्नौज सड़क हादसे की आंखों देखी



हादसा ठठीया क्षेत्र से गुजरने वाले लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर हुआ है. दोनों वाहनों की टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के परखच्चे उड़ गए. घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. वहीं कुछ लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है.उत्तर प्रदेश के कन्नौज में मंगलवार की सुबह भीषण हादसा हुआ. यात्रियों से भरी एक बस डिवाइडर से जा टकराई. फिर बस को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई, वहीं 34 लोग घायल हो गए. बस लखनऊ से आगरा की तरफ जा रही थी. हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया.

हादसा ठठीया क्षेत्र से गुजरने वाले लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर हुआ है. दोनों वाहनों की टक्कर इतनी भीषण थी कि बस के परखच्चे उड़ गए. घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. वहीं कुछ लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है.हादसे के बाद लगा जाम,बस लखनऊ से आगरा की तरफ जा रही थी. ट्रक में आलू भरा था. वहीं बस स्लीपर थी. जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह टीम सहित मौके पर पहुंच गए. हादसे के बाद हाईवे पर लंबा जाम लग गया. हालांकि, पुलिस ने दोनों वाहनों को सड़क से हटवाया. इस दौरान मौके पर अफरातफरी की स्थिति बनी रही.

# करोड़ों की मालकिन इन भोजपुरी एक्ट्रेस की पहली फीस जानकर रह जाएंगे हैरान

## मोनालिसा

भोजपुरी सिनेमा में एक से बढ़कर एक एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने भोजपुरी इंडस्ट्री में अपने किरदार से फैंस का दिल जीता है. भोजपुरी इंडस्ट्री की ये एट्रेसेस सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. करोड़ों लोग इन्हें इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर फोलो करते हैं. यूट्यूब पर इन एक्ट्रेसेस का गाना आते ही ट्रेंड करने लगता है और वीडियोज़ को करोड़ों व्यूज़ मिलते हैं.






## अक्षरा सिंह

अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री की टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं. उन्होंने न सिर्फ एक्टिंग बल्कि अपनी आवाज से भी लोगों को दीवाना बनाया हुआ है. वो एक्टिंग के साथ-साथ बहुत अच्छा गाती भी हैं. अक्षरा सिंह अब तक कई लाइव परफॉर्मेंस कर चुकी हैं. उन्हें देखने-सुनने के लिए फैन्स की भीड़ जमा होती है. उन्हें पहली फीस 2.5 लाख रुपये मिली थी. आज उनकी फीस 20 लाख रुपये पहुंच गई है. अक्षरा सिंह को भोजपुरी क्वीन भी कहा जाता है.


Domino's Pizza
ALL NEW DOMINO'S. NOW MORE AFFORDABLE.
REVISED GST
18% > 5%
ORDER MORE. CELEBRATE MORE.
SOFT CRUST
TASTIER SAUCE
MORE CHEESE
MORE TOPPINGS
AAPNE KAHA, HUMNE KIYA.


Dollar
Bigboss
PREMIUM INNERWEAR
Fit Hai Boss



ANITA
Sarees
SAREES
LEHENGA
KURTIS
SALWAR SUITS
SUIT PIECES
DULHAN CHUNNI
Rangrej Gali (Dinbandhu Lane),
Upper Bazar, Ranchi-1


MOST TRUSTED BRANDS OF INDIA
2024 - 2025
NOURISHMENT OF
NEEM & ALOE VERA
NO SCARS


T SHIRT 299 149
TOP 399 299
DRESS 799 499
zudio
SALE
599 299
SHIRT 799 499
T SHIRT 299 149



SALE!
ABHI IT SERVICES
50% OFF
DIGITAL
MARKETING
EXPERT
न्यूज़ पोर्टल या किसी भी तरह की वेबसाइट बनाने के लिए संपर्क करें
TODAY
ONLY
@22,999
CONTACT US
8292706529
abhishekgahlot99999@.com

# एमएस धोनी करेंगे टीम इंडिया में वापसी? T20 वर्ल्ड कप को लेकर हुआ बड़ा दावा



आईपीएल 2024 चल रहा है, आधे से ज्यादा टूर्नामेंट खत्म हो चुका है और इस पूरे मैच के दौरान से ज्यादा चर्चा इस बात को लेकर होती रही है कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीम इंडिया में किसे जगह मिलेगी? टूर्नामेंट के शुरुआती कुछ दिनों तक तो इस चर्चा के केंद्र में विराट कोहली रहे लेकिन धीरे-धीरे विकेटकीपर का मुद्दा गरमा गया, जिसके कई दावेदार हैं. अब इनमें से किसे मौका मिले, इसको लेकर हर किसी की अलग-अलग राय है. इन सबके बीच अचानक एमएस धोनी की टीम इंडिया में वापसी का मुद्दा छेड़ दिया गया है, जिसने एक नई चर्चा को जन्म दे दिया है. तो क्या वाकई चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर ऐसा कुछ चौंकाने वाला काम करने वाले हैं?

टीम इंडिया और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान धोनी इन दिनों आईपीएल 2024 में अपना जलवा दिखा रहे हैं. घुटने की चोट के बावजूद धोनी हर मैच में पूरे 20 ओवर विकेटकीपिंग कर रहे हैं लेकिन जब बात बैटिंग की आती है तो वो सिर्फ आखिरी के 2-3 ओवरों में उतरते हैं और उसमें ही कमाल कर रहे हैं, जिससे टीम इंडिया में उनकी वापसी की चर्चा होने लगी है. लेकिन क्या असल में ऐसा होगा? ये चर्चा कौन कर रहा है और क्यों कर रहा है?




## दिनेश कार्तिक, मयंक यादव से रियान पराग तक... T20 World Cup के लिए अंबाती रायडू ने चुने चौंकाने वाले नाम



टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया क्या होगी? इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में किस-किस खिलाड़ी को चुना जाएगा? इस सवाल का जवाब पूर्व क्रिकेटर लगातार दे रहे हैं. वहीं, अब अंबाती रायडू ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम इंडिया चुनी है. उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम में कई चौंकाने वाले नामों को जगह दी है. साथ ही उन्होंने अपनी टीम में हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत और शुभमन गिल को शामिल नहीं किया है. अंबाती रायडू ने अपनी 15 सदस्यीय टीम इंडिया में रियान पराग, मयंक यादव. दिनेशा कार्तिक और शिवम दुबे जैसे चेहरों पर दांव खेला है.

## ना सैमसन और ना ही पंत... रायुडू ने दिनेश कार्तिक को चुना

अंबाती रायडू ने अपनी टीम में रवीन्द्र जडेजा के तौर पर महज एक ऑलराउंडर को शामिल किया है. उन्होंने विकेटकीपर के तौर पर न संजू सैमसन को चुना है और ना ही ऋषभ पंत को... दरअसल, अंबाती रायडू की पसंद दिनेश कार्तिक हैं. हालांकि, इसके अलावा अंबाती रायडू ने अपनी टीम में रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह जैसे कॉमन नामों को शामिल किया है. लेकिन ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को अपनी टीम का हिस्सा नहीं बनाया.

## इन खिलाड़ियों पर अंबाती रायडू ने जताया भरोसा

अंबाती रायडू ने ओपनर के तौर पर रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल को चुना है. इसके अलावा विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, रियान पराग, रिंकू सिंह, दिनेश कार्तिक, शिवम दुबे और रवीन्द्र जडेजा जैसे नाम हैं. जबकि पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने युजवेन्द्र चहल और कुलदीप यादव के तौर पर 2 स्पिनरों को अपनी टीम का हिस्सा बनाया है. साथ ही अंबाती रायडू ने तेज गेंदबाज के रूप में जसप्रीत बुमराह के अलावा मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और मयंक यादव का चयन किया है.

